# रक्षा, शिक्षा, फार्मा में निवेश करेंगी फ्रांस की कंपनियां

## फ्रांस के राजदूत ने CM योगी से मुलाकात के दौरान दिया प्रस्ताव



■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : फ्रांस की कई कंपनियां प्रदेश में रक्षा, फार्मा और शिक्षा सेक्टर में निवेश करना चाहती हैं। सोमवार को फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू के नेतृत्व में फ्रांस की कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और अपनी निवेश योजनाओं को साझा किया। सीएम ने प्रदेश में निवेश के लिए हर मदद का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने फ्रांसीसी कंपनियों को एनसीआर, बुंदेलखंड के साथ ही रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आईटी कॉरिडोर, स्मार्ट सिटीज व सांस्कृतिक उन्नयन को लेकर भी यूपी के साथ काम करने को लेकर रुचि दिखाई। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने, निवेश बढ़ाने, नवीकरणीय ऊर्जा और उत्तर प्रदेश में फ्रांसीसी कंपनियों की उपस्थिति के विस्तार पर भी चर्चा हुई।